सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
पौष 11, शुक्रवार, *शाके* 1942–जनवरी 01, 2021 *Pausa 11, Friday, Saka 1942-January 01, 2020*	

भाग 4 (ग)

उप-खण्ड(II)

राज्य सरकार तथा अन्य राज्य प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गये कानूनी आदेश तथा अधिसूचनाएं

कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग

अधिसूचना

जयपुर, जनवरी 01, 2021

एस.ओ.428 :-राजस्थान स्मारक, पुरावशेष स्थान तथा प्राचीन वस्तु नियम, **1968** के संशोधन का प्रारूप राजस्थान स्मारक, पुरावशेष स्थान तथा प्राचीन वस्तु अधिनियम, **1961 (**राजस्थान अधिनियम **19** सन् **1961)** की धारा **38** की उप-धारा **(1)** की अपेक्षानुसार इस विभाग की अधिसूचना संख्या प.**5(6)**क.सं./**2020** दिनांक **16.12.2020** के अधीन, उससे संभवतः प्रभावित होने वाले समस्त व्यक्तियों से राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से **15** दिन के अवसान तक आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित करते हुए दिनांक **17.12.2020** के राजस्थान राजपत्र, विशेषांक भाग **4 (**ग**)** के पृष्ठ संख्या **1-2** पर प्रकाशित करवाया गया था। किन्तु उक्त प्रारूप के संबंध में निहित कालावधि के भीतर कोई आपत्तियां और सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं।

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा **38** द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार राजस्थान स्मारक, पुरावशेष स्थान तथा प्राचीन वस्तु नियम, **1968** में इसके द्वारा निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्

<u>संशोधन</u>

उक्त नियमों में संलग्न अनुसूची- **II** में विद्यमान भाग **– I** के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जावेगा, अर्थात्:-

अनुसूची - **II**

(नियम **6** देखिये**)**

भाग **– I**

जयपुर स्थित संरक्षित स्मारकों के लिए प्रवेश शुल्क निम्नानुसार संदेय होगा:-

क्र.स.	स्मारक	भारतीय दर्शक	भारतीय विद्यार्थी	विदेशी दर्शक	विदेशी विद्यार्थी
1.	आमेर महल, जयपुर	100 /-	20 /-	500 /-	150 /-
2.	राज. केन्द्रीय संग्रहालय, जयपुर	50 /-	20 /-	300 /-	150 /-
3.	हवामहल, जयपुर	50 /-	20 /-	200 /-	100/-
4.	नाहरगढ़, जयपुर	50 /-	20 /-	200 /-	100 /-
5.	जंतर मंतर, जयपुर	50 /-	20 /-	200 /-	100 /-
6.	ईसरलाट, जयपुर	50 /-	20/-	200 /-	25 /-

7.	सिसोदिया रानी का सम्पूर्ण बाग (साधारण एवं विडियो कैमरा सहित)	50 /-	20 /-	200 /-	100 /-
8.	विधाधर के बाग, नीलामहल, पीलामहल, रुपनिवास बाग एवं राजनिवास बाग (साधारण एवं विडियो कैमरा सहित)	50/-	20/-	200 /-	100/-
एकजाई (Compostie) टिकिट					
1.	आमेर महल, जंतर मंतर, हवामहल, नाहरगढ़, अल्वर्ट हॉल, ईसरलाट, सिसोदिया रानी का बाग व विधाधर का बाग, जयपुर	400 /-	100 /-	1000 /-	500 /-

जयपुर के अलावा संरक्षित स्मारकों के लिए प्रवेश शुल्क निम्नानुसार संदेय होगारू.

क्र.स.	स्मारक	भारतीय दर्शक	भारतीय विद्यार्थी	विदेशी दर्शक	विदेशी विद्यार्थी
1.	पटवा हवेलियां, जैसलमेर	50/-	20/-	200 /-	50/-
2.	किराडू के मंदिर, बाड़मेर	50/-	20/-	200 /-	50/-
3.	गागरोन का किला, झालावाड़	50/-	20/-	200 /-	50/-
4.	रानीजी की बावड़ी, बून्दी	50/-	20/-	200 /-	50/-
5.	चौरासी खम्भों की छतरी, बून्दी	50/-	20/-	200 /-	50/-
6.	सुखमहल, बून्दी	50/-	20/-	200 /-	50/-
7.	राज. संग्र. अजमेर (अकबर का किला/दौलतखाना)	50/-	20/-	200 /-	100/-
एकजाई (Compostie) टिकिट					
1.	राजकीय संग्रहालय, जैसलमेर एवं पटवा की हवेलियां , जैसलमेर	50/-	20/-	200 /-	100/-
2.	रानीजी की बावड़ी ,चौरासी खम्भों की छतरी व सुखमहल, राजकीय संग्रहालय, बूंदी	75/-	20 /-	350 /-	50 /-
3.	राजकीय संग्रहालय, झालावाड़ एवं गागरोन का किला, झालावाड़	50/-	20/-	200 /-	100/-

मुग्धा सिन्हा,
शासन सचिव।

Government Central Press, Jaipur.